Seat No. : _______________

AB-122

April-2019

B.A., Sem.-II

CC-112 : Hindi

(हिन्दी उपन्यास : 'निर्मला')

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।

(2) प्रश्न 1 (ब) और 2 (ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न 3 (ब) और 4 (ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक-दो वाक्य में दीजिए ।

1. (अ) 'निर्मला' एक समस्या प्रधान उपन्यास है, सिद्ध कीजिए । **14**

अथवा

प्रेमचंद के जीवन और सर्जन-कार्य का संक्षिप्त में परिचय दीजिए ।

(ब) कोई **चार** प्रश्न के उत्तर लिखिए : **4**

(1) प्रेमचंद के पिता ने उनका नाम क्या रखा था ?

(a) नवाबराय (b) प्रेमचंद

(c) धनपतराय (d) अजायबलाल

(2) निर्मला किसकी बेटी थी ?

(a) कल्याणी (b) रंगीलीबाई

(c) रुक्मिणी (d) भालचन्द्र

(3) 'गबन' क्या है ?

(a) कहानी (b) उपन्यास

(c) कविता (d) नाटक

(4) "चन्दर तो लड़का है, उसे कौन निकालेगा ?", वाक्य कौन बोलता है ?

(a) कल्याणी (b) रंगीलीबाई

(c) कृष्णा (d) निर्मला

(5) चन्द्रभान सिनहा के साथ निर्मला का क्या रिश्ता था ?

(6) तोताराम का मकान क्यों नीलाम हो जाता है ?

2. (अ) 'निर्मला' उपन्यास की संवाद-योजना पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । **14**

अथवा

तोताराम की चारित्रियक विशेषताओं का परिचय दीजिए ।

(ब) कोई **चार** प्रश्न के उत्तर लिखिए : **4**

(1) "दुधारू गाय की लात किसे बुरी मालूम होती है ?", किसका कथन है ?

(a) भालचन्द्र सिनहा (b) तोताराम

(c) भुवनमोहन (d) नयनसुखराम

(2) सुधा की देवरानी का नाम क्या था ?

(a) कृष्णा (b) निर्मला

(c) राधा (d) आशा

(3) तोताराम की पहली पत्नी का नाम क्या था ?

(a) जानकीदेवी (b) रूपकला

(c) मायादेवी (d) चन्द्रकला

(4) सियाराम को कौन भगा ले जाता है ?

(a) गोकुलदास (b) नारायणदास

(c) हीरानन्द (d) परमानन्द

(5) मंसाराम को खून देने कौन तैयार होता है ?

(6) जियाराम क्यों आत्महत्या कर लेता है ?

3. (अ) 'निर्मला' वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है, सिद्ध कीजिए। **14**

अथवा

उपन्यास-कला के तत्त्वों के आधार पर 'निर्मला' का मूल्यांकन कीजिए।

(ब) कोई **तीन** प्रश्न के उत्तर लिखिए : **3**

(1) निर्मला की बेटी का नाम क्या रखा था ?

(a) कृष्णा (b) ममता

(c) आशा (d) राधा

(2) भूंगी किसके घर की नौकरानी थी ?

(a) उदयभानु (b) भालचन्द्र सिनहा

(c) भुवनमोहन (d) तोताराम

(3) "सारे अरमान लल्लू के साथ चले गए", वाक्य कौन बोलता है ?

(a) निर्मला (b) तोताराम

(c) रुक्मिणी (d) सुधा

(4) सोहन के पिता का नाम क्या था ?

(5) 'शतरंज के खिलाड़ी' किसकी रचना है ?

4. (अ) सहृदयता का जलाया हुआ दीपक निर्दय व्यंग्य के एक झोंके से बुझ गया । अड़ा हुआ घोड़ा चुमकारने से जोर मारने लगा था, पर हंटर पड़ते ही फिर अड़ गया और गाड़ी पीछे ढकेलने लगा । **14**

अथवा

ऐसे आदमी न हों, तो गरीब क्वारियों की नाव कौन पार लगाए ? तुम और तुम्हारे साथी बिना भारी गठरी लिये बात नहीं करते, तो फिर ये बेचारी किसके घर जाएँ ?

(ब) कोई **तीन** प्रश्न के उत्तर लिखिए : **3**

(1) प्रेमचंद का जन्म कब हुआ था ?

(a) 1885 ई. (b) 1875 ई.

(c) 1880 ई. (d) 1850 ई.

(2) मुंशी तोताराम की विधवा बहन का नाम क्या था ?

(a) रुक्मिणी (b) मनोरमा

(c) रंगीली (d) कल्याणी

(3) 'निर्मला' की प्रमुख समस्या क्या है ?

(a) बेरोजगारी (b) अशिक्षा

(c) भ्रूण-हत्या (d) दहेज

(4) निर्मला का विवाह तोताराम के साथ क्यों किया जाता है ?

(5) उदयभानु लाल के कितने बच्चे थे ?